**PRINT**

# दैनिक जागरण

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition: (Ranchi) Jharkhand | Circulation: 47896 |
| Date: 21.07.2026 | Page No 06 | Serial No.: |

# सीआइएसएफ सीसीएल की संयुक्त छापेमारी में 10 टन अवैध कोयला जब्त

संस, जागरण● फुसरो : सीआइएसएफ और सीसीएल बीएंडके की सुरक्षा टीम ने रविवार को संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर कुल 10.020 टन अवैध कोयला जब्त किया। यह कार्रवाई माइन्स एंड मिनरल्स एक्ट के तहत की गई। सीआइएसएफ के कमांडेंट राज प्रताप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। इसके बाद रामबिलास प्लस टू विद्यालय के समीप जंगल में छापेमारी की गई। अभियान के दौरान जंगल में अवैध रूप से जमा 7.620 टन कोयला बरामद कर जब्त किया गया।

इसके अलावा कारो बस्ती के चार नंबर कांटा के समीप भी छापेमारी कर 2.400 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। जब्त किए गए कोयले का वजन कराने के बाद उसे सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया।



रविवार को छापेमारी में जब्त अवैध कोयला के साथ सीआइएसएफ जवान व अन्य● जागरण

कमांडेंट ने कहा कि खनन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। सीआईएसएफ और सीसीएल प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय के साथ अवैध खनन एवं कोयला तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में उप कमांडेंट अभिलाष गारा, सीसीएल सुरक्षा अधिकारी पीएन सिंह, इंस्पेक्टर एस.आर. नायक, राजेश कुमार सरोज, सब इंस्पेक्टर संतोष तिवारी, अमित कुमार सहित अन्य सुरक्षा कर्मी मौजूद थे।